04.12.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

नौसेना दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना दिवस के अवसर पर नौसेना कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि व्यापार मार्गों की सुरक्षा और नीली अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने से लेकर मानवीय अभियानों का नेतृत्व करने तक भारतीय नौसेना अनुशासन, करुणा और ज़िम्मेदारी का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि भारतीय नौसेना देश की समुद्री शक्ति, सतर्कता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने स्मरण किया कि उन्होंने यह दिवाली आईएनएस विक्रांत पर नौसेना कर्मियों के साथ मनाई थी और इसे अविस्मरणीय बताया। सभी नौसेना कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना असाधारण साहस और दृढ़ संकल्प का पर्याय है।

ज्ञानेश- अध्यक्षता

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन के स्टॉकहोम में अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन सहायता संस्थान परिषद की अध्यक्षता संभाल ली है। भारत को वर्ष 2026 के लिए संस्थान का अध्यक्ष चुना गया है। भारत संगठन के 14 संस्थापक सदस्य देशों में शामिल है। स्वीडन में भारत के राजदूत अनुराग भूषण इस अवसर पर उपस्थित थे।

सरकार - लोकसभा जल जीवन मिशन

सरकार ने कहा है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत 15 करोड़ से अधिक घरों को नल के पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि चार करोड़ और घरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2019 में शुरू किया गया जल जीवन मिशन, हर घर में नल के पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण परियोजना

है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हिमालयी और पूर्वोत्तर राज्यों को केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली 90 प्रतिशत धनराशि प्रदान करती है।

शिकारा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के बोट क्लब में शिकारा नावों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन विकास मंत्रालय की यह नई सौगात भोपाल को एक नए पर्यटन केंद्र के रूप में पहचान दिलाएगी। उन्होंने इस अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भोपाल की झील को डल झील की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है

अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस

अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस पर आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता 'वीरा' और उसके दो शावकों को खुले जंगल में छोड़ेंगे। इसी कार्यक्रम में वे कूनो का वर्ष 2026 का कैलेंडर और चीतों के क्लीनिकल प्रबंधन से जुड़े फील्ड मैनुअल का विमोचन करेंगे । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू हुए प्रोजेक्ट चीता को तीन वर्ष पूरे हो चुके हैं और कूनो तथा गांधी सागर अभयारण्य में चीतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। पिछले तीन वर्षों में पाँच मादा चीतों ने छह बार शावकों को जन्म दिया है, जो परियोजना की सफलता दर्शाता है।

एसआईआर

मध्यप्रदेश में 97 प्रतिशत से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है। अभी तक मध्यप्रदेश में लगभग 5 करोड़ 57 लाख गणना पत्रकों का डिजीटाइजेशन पूरा हो चुका है।

भोपाल से हमारे संवाददाता मोहम्मद ताहिर ने बताया है कि भोपाल जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। बीएलओ की टीम शत–प्रतिशत डिजिटलाइजेशन पूरी कर चुकी है। .

मुख्य न्यायाधीश

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत आज खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में विधिक सहायता और मध्यस्थता के भविष्य पर आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। उनके साथ न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

संक्षिप्त समाचार

- सतना सांसद गणेश सिंह ने आज लोकसभा में सतना जिले में खेल प्रशिक्षण केन्द्र और स्पोर्टस अकादमी खोले किये जाने की मांग की।
- शिवपुरी जिले में पुरूष नसबंदी पखवाडे के तहत आज जिला स्तरीय मेघा शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया।
- विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में श्योपुर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय चंबल कॉलोनी दिव्यांगजनों की विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया।